# समाचार

## महापौर ने किया निर्माणाधीन कार्यो का औचक निरीक्षण

(स्थलों पर पहुंचकर देखी कार्य की कार्यप्रगति, गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के दिए कड़े निर्देश)



कोरबा 02 अगस्त 2017 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज नगर के विभिन्न स्थानों में निगम द्वारा संपादित कराए जा रहे विकास व निर्माण कार्यो का अचानक निरीक्षण किया, कार्य स्थल पर पहुंचकर कार्यो की कार्यप्रगति देखी तथा कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने, कार्यो में तेजी लाने व समयसीमा में कार्यो को पूरा करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 04 पुरानी बस्ती स्थित प्रताप चौक के पास सामुदायिक मंच का निर्माण कराया जा रहा है, महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कार्य स्थल पर अचानक पहुंचकर प्रगतिरत कार्य का जायजा लिया तथा कार्य की गुणवत्ता का परीक्षण करते हुए गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार निगम द्वारा कोरबा ईदगाह के पास स्थित जमात खाने के नजदीक एस.एल.आर.एम. सेंटर का निर्माण कराया जा रहा है, उसकी कार्यप्रगति का जायजा भी महापौर श्रीमती अग्रवाल ने लिया, वहीं पुरानी बस्ती मुस्लिम मोहल्ले में निगम द्वारा कराए जा रहे नाली निर्माण कार्य का आकस्मिक निरीक्षण भी उन्होने किया तथा कार्यो की गुणवत्ता पर ध्यान देने व कार्यप्रगति में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। पुरानी बस्ती दशहरा मैदान पुराने प्राथमिक शाला प्रांगण में निगम द्वारा पाथवे का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका कार्य प्रगति पर है, महापौर श्रीमती अग्रवाल ने आज उक्त निर्माण कार्य का भी आकस्मिक रूप से निरीक्षण किया, कार्यप्रगति देखी तथा कार्य में आवश्यक गति लाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। नगर निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 26 मुड़ापार मस्जिद के पास अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका कार्य अंतिम चरण में है, महापौर श्रीमती अग्रवाल ने उक्त निर्माण कार्य का भी भ्रमण के दौरान निरीक्षण किया, मस्जिद कमेटी के सदस्यों द्वारा अतिरिक्त कक्ष में सीपेज की समस्या बताए जाने पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने संबंधि निर्माण एजेंसी एवं अधिकारियों को आवश्यक सुधार कार्य करने के संबंध में कड़े निर्देश देते हुए कहा कि कार्य के दौरान कार्यो की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें तथा निर्माण कार्यो में कहीं त्रुटि नजर आए तो उसे तत्काल सुधारे। महापौर श्रीमती अग्रवाल के विकास व निर्माण कार्यो के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य रामगोपाल कुर्रे, पार्षद मनीष शर्मा,सहायक

अभियंता अखिलेश शुक्ला, उप अभियंता मोतीलाल बरेठ, गोयल सिंह विमल, शाहिदा बेगम, चन्द्रकांत यादव, जागेश्वर प्रसाद आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।